प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

0000

25.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

0000

न्यायाधीश

हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश राजीव शकधर आज शिमला में पद व गोपनीयता की शपथ लेंगे। हिमाचल के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल राजभवन में आयोजित समारोह में मुख्य न्यायधीश को शपथ दिलवाएंगे। नए मुख्य न्यायाधीश राजीव शकधर उच्च न्यायालय में न्यायाधीश एम एस रामचंद्र की जगह लेंगे जिन्हें अब झारखंड हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बीती रात पेट व छाती में दर्द की शिकायत के चलते आईजीएमसी शिमला पहुंचे जहां डॉक्टरों की टीम ने उनके स्वास्थ्य की जांच की। मुख्यमंत्री के पेट व छाती से संबंधित सभी महत्वपूर्ण टेस्ट भी किए गए। देर रात मुख्यमंत्री सरकारी आवास ओक ओवर लौट गए। तीन दिन पहले भी

मुख्यमंत्री की तबीयत खराब होने के कारण उन्हें आई जी एम सी लाया गया था जिसके बाद डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है।

भारत–एआई फेलोशिप

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने यांत्रिक बुद्धिमत्ता, एआई फेलोशिप के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसके लिए बी.टेक और एम.टेक के विद्यार्थी पात्र हैं। मंत्रालय ने यांत्रिक बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में पीएचडी की फेलोशिप प्रदान करने के लिए शीर्ष 50 अनुसंधान संस्थानों से भी सहभागिता का अनुरोध किया है। आवेदन इस महीने की 30 तारीख तक किए जा सकेंगे।

कुल्लू दशहरा

अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव का आयोजन इस वर्ष 13 से 19 अक्तूबर तक किया जा रहा है। जिला भाषा अधिकारी सुनीला ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष दशहरा उत्सव में हिमाचली संस्कृति व कला को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दी जाएगी। उत्सव के दौरान लाल चंद प्रार्थी कला केंद्र में लोक नृत्य दलों की लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक लोक नृत्य दल 8 अक्तूबर से पहले अपना पंजीकरण करवाएं।

भर्ती

पूर्व सैनिकों तथा उनके आश्रितों के लिए पूर्व सैनिक भर्ती मेले का आयोजन 27 सितंबर को हमीरपुर में किया जा रहा है। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के उपनिदेशक स्क्वाड्रन लीडर मनोज राणा ने यह जानकारी देते हुए कहा कि भर्ती मेले में तीन निजी कंपनियों के लिए 600 गेटमैनों सहित अन्य पदों पर भर्तियां होनी हैं जिन्हें भारत के विभिन्न रेलवे स्टेशनों में तैनात किया जाएगा।

मौसम

प्रदेश में मानसून अभी जारी है और अगले दो दिनों में फिर से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने और कई स्थानों में वर्षा होने के आसार बने हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक कुलदीप श्रीवास्तव का कहना है कि प्रदेश में मानसून सामान्य तौर पर 24 सितंबर तक लौट जाता है। लेकिन इस बार ऐसा नहीं हो पाया। उन्होंने बताया कि लंबी अवधि के मानसून के बावजूद प्रदेश में अब तक सामान्य से 20 प्रतिशत तक कम वर्षा हुई है। प्रदेश में पिछले पांच दिनों से मौसम साफ बना रहा। इस दौरान प्रदेश के 10 स्थानों पर अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया।

और अब सुर्खिया समाचार पत्रों से ....

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। **बैंक खाते से आधार नंबर नहीं जोड़ने पर 11 हजार विद्यार्थियों की**

छात्रवृत्ति पर रोक शीर्षक से **अमर उजाला** ने लिखा है प्रदेश उच्च शिक्षा निदेशालय ने अंतिम मौका देते हुए दी तीन महीने की मोहलत।

कृषि विवि की भूमि पर्यटन ग्राम के लिए हस्तांतरित करने पर हाईकोर्ट की रोक भी **अमर उजाला** की एक खबर है। **पंजाब केसरी** के शब्द हैं हाईकोर्ट ने पालमपुर कृषि विश्वविद्यालय की 112 हैक्टेयर भूमिक के हस्तांतरण पर लगाई रोक।

कम्प्यूटर बेस्ड परीक्षाओं के फेर में फंसा राज्य चयन आयोग शीर्षक से **हिमाचल दस्तक** लिखता है ऑनलाइन एग्जाम करवाने के लिए करोड़ों रूपए के बजट की जरूरत।

दैनिक जागरण ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के हवाले से लिखा है अब कॉलेजों के लिए भी तय होगी छात्र संख्या–मंगवाया रिकॉर्ड।

केंद्र से 3 सौ 70 करोड़ मंजूर, काजा का अंधेरा होगा दूर शीर्षक से **दिव्य हिमाचल** लिखता है स्पीति के काजा के लिए सब स्टेशन और ट्रांसमिशन लाइन के लिए सरकार ने स्वीकृत की राशि।

दैनिक भास्कर ने स्कूलों में खराब रिजल्ट के लिए टीचर नहीं अब प्रिंसिपल भी होंगे जिम्मेदार शीर्षक से लिखा है शिक्षा में सुधार के लिए सरकार का बड़ा फैसला।

मौसम की खबर को **आपका फैसला** ने शीर्षक दिया है हिमाचल में फिर से बिगड़ेगा मौसम–भारी बारिश का अलर्ट–सितंबर महीने के दौरान गर्मी ने तोड़े रिकॉर्ड।

अमर उजाला के अनुसार एम्स में अगले सप्ताह से शुरू हो सकता है किडनी ट्रांसप्लांट।